# हरियाणा विधान सभा

## सातवां सत्र (अगस्त सत्र 2026)

## अतारांकित प्रश्न

## 01 सितम्बर 2026

----

**कुल प्रश्न - 14**

----

### भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों का ब्यौरा

81 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) जनवरी, 2015 से जून, 2026 तक की अवधि के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त पाए गए गृह विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा उनका ब्यौरा क्या है

(ख) उपरोक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्रवाईयों को पूरा करने में कितना समय लगा है;

(ग) क्या भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने के पश्चात् किसी अधिकारी/कर्मचारी को उसके विरुद्ध कार्रवाई होने के बाद भी लगातार उसी स्थान पर नियुक्त रखा गया; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(घ) ऐसे प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध की गई अनुशासनात्मक तथा दण्डात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

----

## दर्जा बढ़ाए गए राजकीय विद्यालयों की संख्या

82 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) वर्ष 2014 तथा वर्ष 2025 में राज्य में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक राजकीय विद्यालयों की जिला-वार संख्या कितनी है; तथा

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान माध्यमिक से उच्च विद्यालय तथा उच्च विद्यालय से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक बढ़ाए गए राजकीय विद्यालयों की जिला-वार संख्या कितनी है?

----

## औद्योगिक प्लॉटों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए पग

83 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) 30 जून, 2026 तक आवंटन के लिए रिक्त पड़े औद्योगिक प्लॉटों तथा अनियोजित भूमि की औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक एस्टेट-वार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त औद्योगिक प्लॉटों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## प्लॉटों के आवंटन का ब्यौरा

84 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में 1 जनवरी, 2008 से 30 जुलाई, 2026 तक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी) द्वारा आवंटित सभी आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत या किसी अन्य श्रेणी के प्लॉटों का श्रेणी-वार, सेक्टर-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान ऐसे सभी मामलों का ब्यौरा क्या है, जिनमें प्लॉटों के निर्माण अवधि, आवंटन अवधि या कब्जा अवधि को बढाया गया था तथा वे कारण क्या हैं जिसके तहत ऐसे विस्तार मंजूर किए गए हैं?

----

## धमकियों के कारण प्रदान की गई सुरक्षा का ब्यौरा

85 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में 1 जनवरी, 2025 से 31 जुलाई, 2026 तक की अवधि के दौरान गैंगस्टरों से मिली धमकियों के कारण सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान किए गए व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उनका जिला-वार ब्यौरा है तथा ऐसे व्यक्तियों के नाम एवं पदनाम क्या हैं जिन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है;

(ग) ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को प्रदान किए गए सुरक्षा कर्मियों की संख्या कितनी है; तथा

(घ) क्या उपरोक्त सुरक्षा सरकारी खर्चे पर या लाभार्थी द्वारा भुगतान के आधार पर प्रदान की गई थी तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पशु चिकित्सालय खोलना

86 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल)ः**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खंड बावल के गांव संजरपुर में पशु चिकित्सालय खोलने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद संख्या सी०एम०ओ०एफ०एफ० /2023/031348 दिनांक 26.10.2023 द्वारा घोषणा की गई थी परन्तु इसको अब तक खोला नही गया है;

(ख) क्या गांव संजरपुर में एक पशु चिकित्सालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त पशु चिकित्सालय के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## नया उप-मंडल अधिकारी कार्यालय खोलना

87 **श्री अनिल यादव ( कोसली)ः**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या गांव डहिना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का नया उप- मंडल

अधिकारी कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त उप- मंडल अधिकारी कार्यालय कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

**फ्लोर मिल को संचालित करना**

88 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव जाटूसाना में लगभग 13.60 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हैफेड फ्लोर मिल का उद्‌घाटन 24 दिसंबर, 2025 को किया गया था, लेकिन इसका वाणिज्यिक संचालन अब तक शुरू नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त फ्लोर मिल का संचालन कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू करना**

89 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या कलायत में एक आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उपरोक्त खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

**नए बस स्टैंड का निर्माण करना**

90 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बहल में एक नए बस स्टैंड के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त परियोजना के लिए प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृतियां तथा निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है; तथा

(घ) उक्त बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**अम्बेडकर भवन में शौचालय का निर्माण करना**

91 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल के वार्ड संख्या 17 में स्थित अम्बेडकर भवन/चौपाल में शौचालय एवं मूत्रालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवन में शौचालय तथा मूत्रालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**गली का निर्माण कार्य शुरू करना**

92 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल के ट्रस्ट मार्केट में लगभग 200 फुट लंबी तथा 30 फुट चौड़ी गली का निर्माण किया जाना सरकार द्वारा प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त कार्य के लिए प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है; तथा

(घ) उक्त गली का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**पेयजल की समस्या का समाधान करना**

93 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि लोहारू विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खंड सिवानी में गांव देवसर, किकराला, गुरेश, ढाणी सिलवाली तथा अन्य ढाणियों में पेयजल की गंभीर समस्या है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों तथा ढाणियों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या उपरोक्त क्षेत्रों में नई पेयजल योजनाओं या मौजूदा जलापूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(घ) उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## राजकीय विद्यालयों के भवनों का पुनर्निर्माण/नवीनीकरण करना

94 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

1. क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित राजकीय विद्यालयों के सुधार, नवीनीकरण या नए भवनों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैंः–

(i) राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भदानी;

(ii) राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिरोहड़;

(iii) राजकीय विद्यालय, छावनी, झज्जर शहर;

(iv) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुढ़ा, झज्जर;

(v) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूरावास; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त विद्यालयों के सुधार/निर्माण/नवीनीकरण कार्य के लिए निधियां पहले ही स्वीकृत की जा चुकी हैं, परन्तु अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं?

----